
# गणित

(www.tiwariacademy.com)
(अध्याय – 6) (त्रिभुज और उसके गुण)
(कक्षा – 7)

## प्रश्नावली 6.1

**प्रश्न 1:**




$\Delta PQR$ में भुजा $\overline{QR}$ का मध्य बिंदु D है।

$\overline{PM}$ ______________ है।

PD ______________ है।

क्या QM = MR?

**उत्तर 1:**

दिया है: $\angle PMD = 90°$

$\therefore$ $\overline{PM}$ शीर्षलंब है।

दिया है: QD = DR, इसलिए PD माध्यिका है।

नहीं, $QM \neq MR$ क्योंकि D, QR का मध्य बिंदु है।

**प्रश्न 2:**

निम्न के लिए अनुमान से आकृति खीचिए।


(a) $\Delta ABC$ में, BE एक माध्यिका है।

(b) $\Delta PQR$ में, PQ और PR त्रिभुज के शीर्षलंब हैं।


(c) $\Delta XYZ$ में, YL एक शीर्षलंब उसके बहिर्भाग में है।

**उत्तर 2:**

(a) यहाँ, $\Delta ABC$में BE एक माध्यिका है तथा AE = EC.




(b) यहाँ, PQ और PR, $\Delta PQR$ के शीर्षलंब हैं तथा $RP \perp QP$.




(c) YL, $\Delta XYZ$ के बहिर्भाग में एक शीर्षलंब है।




**प्रश्न 3:**

आकृति खींचकर पुष्टि कीजिए कि एक समद्विबाहु त्रिभुज में शीर्षलंब व माध्यिका एक ही रेखाखंड हो सकता है।

**उत्तर 3:**

हम जानते हैं कि समद्विबाहु त्रिभुज में दो भुजाएँ समान होती हैं।

नीचे दिए गए $\Delta ABC$ में AB = AC है। इसकी माध्यिका और शीर्षलंब दोनों खींचते हैं। दोनों एक ही बिंदु पर मिलते हैं।
अतः, AL त्रिभुज की माध्यिका और शीर्षलंब दोनों ही है।

